# छह दशक तक संगीत प्रेमियों के दिलों पर किया राज



## स्वरों की मधुर साधिका सुमन कल्याणपुर

**हिंदी** फिल्म संगीत के स्वर्णिम दौर की प्रसिद्ध पार्श्व गायिका सुमन कल्याणपुर ने अपनी मधुर, कोमल और भावपूर्ण आवाज से भारतीय संगीत जगत में विशिष्ट पहचान बनाई है. लगभग छह दशक लंबे अपने संगीत सफर में उन्होंने हजारों गीतों को स्वर देकर श्रोताओं के दिलों में अमिट स्थान बनाया. सुमन कल्याणपुर का जन्म 28 जनवरी 1937 को तत्कालीन ब्रिटिश भारत के ढाका में हुआ था, जो अब बांग्लादेश में स्थित है. उनका जन्म नाम सुमन हेम्माडी था. उनके पिता शंकर राव हेम्माडी कर्नाटक के उडुपी जिले के कुंडापुर तालुक स्थित हेम्माडी गांव के एक सारस्वत ब्राह्मण परिवार से थे. वे सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में उच्च पद पर कार्यरत थे और लंबे समय तक ढाका में पदस्थ रहे.उनकी माता सीता हेम्माडी थीं. परिवार में कुल पाँच बहनें और एक भाई था, जिनमें सुमन सबसे बड़ी थीं. वर्ष 1943 में उनका परिवार मुंबई आ गया, जहाँ उनकी शिक्षा और संगीत प्रशिक्षण की शुरुआत हुई. सुमन को बचपन से ही चित्रकला और संगीत में गहरी रुचि थी. उन्होंने मुंबई के प्रसिद्ध सेंट कोलंबा हाई स्कूल से शिक्षा प्राप्त की और आगे चलकर प्रतिष्ठित सर जे. जे. स्कूल ऑफ आर्ट्स में चित्रकला की पढ़ाई के लिए प्रवेश लिया. इसी दौरान उन्होंने पुणे के प्रभात फिल्म्स के संगीत निर्देशक और पारिवारिक मित्र पंडित केशवराव भोले से शास्त्रीय संगीत की शिक्षा लेना शुरू किया. इसके बाद उन्होंने उस्ताद अब्दुल रहमान खान और गुरु मास्टर नवरंग से भी संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त किया. उनकी छोटी बहन श्यामा हेम्माडी भी एक गायिका थीं. सुमन कल्याणपुर ने वर्ष 1952 में ऑल इंडिया रेडियो पर पहली बार सार्वजनिक गायन किया. इसके बाद वर्ष 1953 में उन्हें मराठी फिल्म शुक्राची चांदणी में गीत गाने का अवसर मिला.हिंदी फिल्मों में उनकी शुरुआत वर्ष 1954 में फिल्म मंगू से मानी जाती है, जिसमें उनका गीत कोई पुकारे धीरे से तुझे शामिल था. इसी वर्ष उन्होंने फिल्म दरवाजा में संगीतकार नौशाद के निर्देशन में कई गीत गाए, जिसे उनकी शुरुआती हिंदी फिल्मों में प्रमुख माना जाता है.उनका पहला युगल गीत महान गायक तलत महमूद के साथ फिल्म दरवाजा में रिकॉर्ड किया गया था, जिसने उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में पहचान दिलाई. कहा जाता है कि एक संगीत समारोह में तलत महमूद उनकी गायकी से अत्यंत प्रभावित हुए थे और उन्होंने ही उन्हें फिल्मी दुनिया में अवसर दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. उस समय हिंदी फिल्म संगीत पर लता मंगेशकर , आशा भोसले और अन्य दिग्गज गायिकाओं का दबदबा था, लेकिन सुमन कल्याणपुर ने अपनी अलग पहचान बनाई. सुमन कल्याणपुर की आवाज़ की तुलना अक्सर प्रसिद्ध गायिका लता मंगेशकर से की जाती रही है, क्योंकि उनकी गायकी की शैली और स्वर-गुण काफी हद तक लता मंगेशकर की तरह ही मानी जाती थी. उनके कई गीत इतने समान स्वर-शैली में थे कि श्रोता उन्हें लता मंगेशकर के गीत समझ लेते थे.

### अपनी गायकी से देश की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया : मोदी



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मशहूर गायिका सुमन कल्याणपुर के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि उन्होंने अपनी गायकी से देश की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया है . श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मशहूर गायिका सुमन कल्याणपुर जी के निधन से अत्यंत दु :ख हुआ . उनकी मधुर आवाज़ और भावपूर्ण गायकी ने हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया . अपने गीतों के माध्यम से उन्होंने संगीत प्रेमियों और भारतीय सिनेमा के प्रशंसकों के हृदय में एक विशेष स्थान बनाया . उनके परिवारजनों और असंख्य प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ . शांति . श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर गायिका के साथ अपनी एक तस्वीर भी साझा की है .

## 59 की उम्र में भी पिंक साड़ी में छाईं माधुरी दीक्षित

**बॉलीवुड** में कई अभिनेत्रियां आईं और गईं, लेकिन कुछ सितारे ऐसे होते हैं जिनकी चमक समय के साथ और बढ़ती चली जाती है.माधुरी दीक्षित उन्हीं सितारों में से एक हैं.करीब चार दशक से दर्शकों के दिलों पर राज कर रहीं माधुरी आज भी अपनी खूबसूरती, फिटनेस और स्टाइल से नई पीढ़ी को प्रेरित करती नजर आती हैं.हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पिंक साड़ी में कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिन पर फैंस दिल खोलकर प्यार बरसा रहे हैं. तस्वीरों में माधुरी बेहद खूबसूरत पिंक साड़ी में नजर आ रही हैं.

उनके सादगी भरे मेकअप, खुले बाल और आकर्षक मुस्कान ने उनके पूरे लुक में चार चांद लगा दिए हैं.खास बात यह है कि उम्र के इस पड़ाव पर भी उनका आत्मविश्वास और स्क्रीन प्रेजेंस पहले की तरह बरकरार है.यही कारण है कि उनकी हर नई तस्वीर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन जाती है.फैंस उनकी तस्वीरों पर लगातार कमेंट कर रहे हैं.कोई उन्हें एजलेस ब्यूटी बता रहा है तो कोई बॉलीवुड की असली क्वीन कहकर उनकी तारीफ कर रहा है.कई यूजर्स ने लिखा कि माधुरी को देखकर यकीन ही नहीं होता कि वह 59 वर्ष की हैं.उनकी फिटनेस और खूबसूरती आज भी लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बनी हुई है.वर्क फ्रंट की बात करें तो माधुरी इन दिनों अपनी नेटफ्लिक्स फिल्म मां-बहन को लेकर चर्चा में हैं.लंबे समय से वह फिल्मों, वेब सीरीज और रियलिटी शोज के जरिए दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं.अभिनय के अलावा सोशल मीडिया पर भी उनकी मजबूत फैन फॉलोइंग है, जहां उनकी हर पोस्ट कुछ ही समय में वायरल हो जाती है.माधुरी दीक्षित का यह नया पिंक साड़ी लुक एक बार फिर साबित करता है कि असली खूबसूरती आत्मविश्वास, सादगी और व्यक्तित्व में होती है.उम्र चाहे जो भी हो, अगर अंदाज दिल जीतने वाला हो तो हर तस्वीर लोगों के दिलों में जगह बना लेती है.



## इंडिया हाउस में नजर आएंगी सई मांजरेकर

**बॉलीवुड** अभिनेत्री सई मांजरेकर जल्द ही पैन-इंडिया पीरियड ड्रामा फिल्म 'इंडिया हाउस' में अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी.यह फिल्म 1905 के लंदन में स्वतंत्रता-पूर्व काल की वास्तविक घटनाओं पर आधारित बताई जा रही है, जिसमें प्रेम और क्रांति की कहानी को दर्शाया गया है.फिल्म की शूटिंग हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में की गई है.सई मांजरेकर, महेश मांजरेकर की बेटी हैं, और धीरे-धीरे फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना रही हैं.

सई मांजरेकर का कहना है कि उनके लिए सफलता का आधार केवल अनुशासन, मेहनत और अपने काम के प्रति समर्पण है.उन्होंने कहा मैं हमेशा अपने फिल्मी बैकग्राउंड के आराम क्षेत्र से बाहर निकलकर अपनी खुद की पहचान बनाना चाहती थी.मेरे लिए विकास लगातार सीखने, अपने काम से खुद को साबित करने और जमीन से जुड़े रहने में है.सई मांजरेकर ने कहा कि हर किसी की यात्रा में चुनौतियाँ आती हैं, लेकिन दूसरों से तुलना करने के बजाय व्यक्ति को अपने व्यक्तिगत विकास पर ध्यान देना चाहिए.सई मांजरेकर ने साल 2019 में फिल्म दबंग 3 से बॉलीवुड में डेब्यू किया, जिसमें उन्होंने 'खुशी चौटाला' का किरदार निभाया था और दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।अब वह जल्द ही पीरियड ड्रामा 'इंडिया हाउस' में 'सती' नाम की भूमिका में नजर आएंगी, जिसमें उनका लुक पारंपरिक बताया जा रहा है.



### प्रेम की चाल से टूटेगा अनुपमा का दिल



**टीवी** के लोकप्रिय शो 'अनुपमा' में इन दिनों ड्रामा अपने चरम पर है और आने वाले एपिसोड्स में कहानी एक बड़ा मोड़ लेने जा रही है .अनुपमा, जो हमेशा अपने परिवार और करीबियों के लिए खड़ी रहती है, अब खुद एक गहरे धोखे का सामना करने वाली है .यह धोखा उसे किसी और से नहीं, बल्कि अपने ही दामाद से मिलेगा, जो उसकी जिंदगी को पूरी तरह बदल देगा . अनुपमा दिग्विजय के कैफे को सफल बनाने के लिए पूरी मेहनत और लगन से काम कर रही है .वह दिग्विजय को समझाकर उसे एक नई शुरुआत के लिए तैयार करती है और अपने अनुभव के दम पर कैफे को नई पहचान देने की कोशिश करती है .धीरे-धीरे सब कुछ सही दिशा में बढ़ता नजर आता है और अनुपमा को अपनी मेहनत का फल मिलने की उम्मीद जागती है .लेकिन तभी प्रेम की चालें सामने आती हैं .वह अनुपमा की सफलता से खुश नहीं होता और उसकी राह में रुकावट बन जाता है .प्रेम धोखे का ऐसा खेल खेलता है, जिससे न सिर्फ अनुपमा का भरोसा टूटता है, बल्कि दिग्विजय भी पूरी तरह हैरान रह जाता है .यह धोखा सिर्फ प्रोफेशनल नहीं, बल्कि इमोशनल भी होता है, जो अनुपमा को अंदर तक झकझोर देता है .इस ट्विस्ट के बाद कहानी में रिश्तों की परख देखने को मिलेगी .अनुपमा को एक बार फिर खुद को संभालना होगा और यह तय करना होगा कि वह इस धोखे के बाद आगे कैसे बढ़ेगी .क्या वह फिर से अपने आत्मविश्वास के दम पर खड़ी हो पाएगी या यह धोखा उसकी हिम्मत को तोड़ देगा .दर्शकों के लिए आने वाले एपिसोड्स बेहद रोमांचक और भावनात्मक होने वाले हैं .

### तीन नागिनें मिलकर करेंगी ड्रैगन का खात्मा



नागिन फ्रेंचाइजी हमेशा से अपने रोमांचक ट्विस्ट और सुपरनैचुरल ड्रामा के लिए जानी जाती रही है, और इस बार भी शो ने दर्शकों की उत्सुकता को चरम पर पहुंचा दिया है .नागिन अनंता और ड्रैगन राधिका के बीच छिड़ी जंग अब अपने अंतिम और सबसे खतरनाक पड़ाव पर पहुंच चुकी है .नागलोक में मचे इस संग्राम का असर हर किरदार पर साफ नजर आ रहा है . आने वाले एपिसोड्स में 6 और 7 जून की रात को 'कयामत की रात' के रूप में दिखाया जाएगा, जहां कहानी का सबसे बड़ा क्लाइमैक्स सामने आएगा .ड्रैगन राधिका की ताकत लगातार बढ़ती जा रही है और उसे हराना किसी एक नागिन के बस की बात नहीं रह गई है .यही कारण है कि अब तीन नागिनें एक साथ आकर इस युद्ध को खत्म करने की तैयारी में हैं .अनीता हसनंदानी, तेजस्वी प्रकाश और प्रियंका चाहर चौधरी का एक साथ आना दर्शकों के लिए किसी सरप्राइज से कम नहीं है .तीनों का यह संगम नागिन यूनिवर्स में एक बड़े मोमेंट के तौर पर देखा जा रहा है .इन तीनों के किरदार मिलकर ड्रैगन पर अंतिम वार करेंगे और नागलोक को उसके आतंक से मुक्त कराने की कोशिश करेंगे .इस महायुद्ध में सिर्फ ताकत ही नहीं, बल्कि रणनीति और त्याग भी देखने को मिलेगा .

### बुडापेस्ट में दिखा स्टारडम का अनोखा संगम

**बुडापेस्ट** में हाल ही में ऐसा नजारा देखने को मिला जिसने खेल और मनोरंजन जगत के प्रशंसकों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया.बॉलीवुड के ऊर्जा से भरपूर अभिनेता रणवीर सिंह और इंग्लिश फुटबॉल टीम के स्टार मिडफील्डर डेक्लन राइस की मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है. तस्वीर में दोनों सितारे बेहद सहज और आत्मविश्वास से भरपूर दिखाई दे रहे हैं.रणवीर सिंह अपने अनोखे फैशन और करिश्माई व्यक्तित्व के लिए दुनियाभर में पहचाने जाते हैं, जबकि डेक्लन राइस फुटबॉल मैदान पर अपने शानदार प्रदर्शन और नेतृत्व क्षमता के कारण लगातार सुर्खियों में बने रहते हैं.

## करिश्मा कपूर का दमदार पुलिस अवतार

**बॉलीवुड** अभिनेत्री करिश्मा कपूर की आगामी क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज 'ब्राउन' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है.निर्देशक अभिनय देव की इस सीरीज में करिश्मा कपूर एक ऐसी पुलिस अधिकारी के किरदार में नजर आएंगी, जो अपने निजी मानसिक संघर्षों के बीच एक सनसनीखेज हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी है ट्रेलर के अनुसार, रीटा ब्राउन नामक पुलिस अधिकारी को एक किशोर की हाई-प्रोफाइल हत्या की जांच सौंपी जाती है.



अपने भीतर चल रहे मनोवैज्ञानिक संघर्षों के बावजूद वह अपने जूनियर अधिकारी अर्जुन के साथ मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास करती है.अर्जुन की भूमिका में सूर्या शर्मा नजर आएंगे, जबकि जिशु सेनगुप्ता एक मनोचिकित्सक के किरदार में हैं, जिसके पास मामले से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां होने का संकेत मिलता है.

सीरीज में सोनी राजदान और अजिंक्य देव भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे.कोलकाता की पृष्ठभूमि पर आधारित यह कहानी एक के बाद एक होने वाली हत्याओं के बीच रहस्य, रोमांच और मानवीय भावनाओं को सामने लाती है. अपने किरदार के बारे में करिश्मा कपूर ने कहा कि रीटा ब्राउन उनके करियर का सबसे अलग और चुनौतीपूर्ण पात्र है.उन्होंने कहा कि यह किरदार कमजोरियों, भावनात्मक घावों और संघर्षों के बावजूद आगे बढ़ने की अद्भुत क्षमता को दर्शाता है ।वहीं, जिशु सेनगुप्ता ने कहा कि 'ब्राउन' की कहानी परत-दर-परत खुलती है.इसमें केवल सस्पेंस ही नहीं, बल्कि गहरी भावनात्मक संवेदनाएं भी हैं, जो इसे एक सामान्य थ्रिलर से अलग बनाती हैं. जी स्टूडियोज द्वारा निर्मित यह सीरीज अभिक बरुआ के उपन्यास 'सिटी ऑफ डेथ' पर आधारित है.'ब्राउन' का प्रीमियर 5 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा.

---

**ऑटोमोबाइल**

## हीरो ला रही नई फ्लेक्स फ्यूल तकनीक

**हीरो** मोटोकॉर्प भारतीय दोपहिया बाजार में एक और बड़ी पहल करने जा रही है. कंपनी अपनी पहली फ्लेक्स फ्यूल बाइक लॉन्च करने की तैयारी में है, जिसे देश में बढ़ती इथेनॉल ब्लेंडिंग नीति को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है. यह बाइक ऐसे इंजन के साथ आएगी जो पेट्रोल और इथेनॉल मिश्रित ईंधन दोनों पर प्रभावी ढंग से काम कर सकेगा.

फ्लेक्स फ्यूल तकनीक का सबसे बड़ा लाभ यह है कि वाहन विभिन्न अनुपात में इथेनॉल मिश्रित ईंधन का उपयोग कर सकता है. इससे ईंधन लागत कम होने के साथ-साथ पर्यावरण पर पड़ने वाला नकारात्मक प्रभाव भी घटता है. भारत सरकार लंबे समय से इथेनॉल आधारित ईंधन को बढ़ावा दे रही है और वाहन कंपनियों को इस दिशा में नई तकनीक विकसित करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है.

हीरो की आगामी बाइक को विशेष रूप से भारतीय परिस्थितियों और ईंधन उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है. माना जा रहा है कि इसमें आधुनिक इंजन तकनीक, बेहतर माइलेज और आकर्षक डिजाइन का संयोजन देखने को मिलेगा. कंपनी का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूक ग्राहकों को एक ऐसा विकल्प देना है जो किफायती होने के साथ टिकाऊ भी हो. आने वाले वर्षों में फ्लेक्स फ्यूल वाहन भारतीय बाजार में तेजी से लोकप्रिय हो सकते हैं. पेट्रोल की बढ़ती कीमतों और स्वच्छ ऊर्जा की आवश्यकता को देखते हुए ग्राहक भी वैकल्पिक ईंधन वाले वाहनों की ओर आकर्षित हो रहे हैं. हीरो की यह पहल बाजार में अन्य कंपनियों के लिए भी नई दिशा तय कर सकती है.

कंपनी ने अभी सभी तकनीकी जानकारियों का खुलासा नहीं किया है, लेकिन उम्मीद है कि लॉन्च के समय इंजन क्षमता, फीचर्स, माइलेज और कीमत से जुड़ी पूरी जानकारी सामने आएगी. ऑटोमोबाइल उद्योग के जानकारों का मानना है कि यह बाइक भारतीय दोपहिया बाजार में एक महत्वपूर्ण बदलाव की शुरुआत साबित हो सकती है.




## मारुती सुजुकी ने लांच की विक्टोरिस हाइब्रिड

**मारुति** सुजुकी की विक्टोरिस हाइब्रिड वीएक्सआई उन ग्राहकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनकर उभरी है जो पेट्रोल एसयूवी के साथ बेहतर माइलेज और आधुनिक तकनीक चाहते हैं. कंपनी ने इस वेरिएंट की एक्स-शोरूम कीमत 16.37 लाख रुपये रखी है. हालांकि वाहन खरीदते समय ग्राहक को केवल एक्स-शोरूम कीमत ही नहीं, बल्कि आरटीओ शुल्क, इंश्योरेंस और अन्य सरकारी शुल्क भी देने होते हैं.

दिल्ली में इस एसयूवी की खरीद पर लगभग 1.65 लाख रुपये आरटीओ शुल्क, करीब 42 हजार रुपये इंश्योरेंस और लगभग 16 हजार रुपये टीसीएस के रूप में खर्च करने पड़ते हैं. इन सभी शुल्कों को जोड़ने के बाद वाहन की ऑन-रोड कीमत करीब 18.69 लाख रुपये हो जाती है.

यदि ग्राहक तीन लाख रुपये की डाउन पेमेंट करता है तो उसे लगभग 15.69 लाख रुपये का वाहन ऋण लेना होगा. मान लें कि बैंक 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर सात वर्षों के लिए लोन उपलब्ध कराता है, तो मासिक ईएमआई करीब 25 हजार से 26 हजार रुपये के बीच बन सकती है. हालांकि वास्तविक ईएमआई बैंक की ब्याज दर, प्रोसेसिंग फीस और ऋण अवधि के अनुसार अलग-अलग हो सकती है. वाहन खरीदने से पहले केवल एईएमआई ही नहीं, बल्कि मासिक आय, ईंधन खर्च, बीमा नवीनीकरण और नियमित रखरखाव लागत को भी ध्यान में रखना चाहिए.

हाइब्रिड तकनीक के कारण विक्टोरिस लंबी अवधि में ईंधन खर्च कम करने में मदद कर सकती है, जिससे कुल स्वामित्व लागत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है. मारुति सुजुकी ने इस एसयूवी में आधुनिक सुरक्षा फीचर्स, कनेक्टेड कार तकनीक, आरामदायक इंटीरियर और बेहतर ड्राइविंग अनुभव देने वाले कई फीचर्स शामिल किए हैं. यही वजह है कि यह मॉडल परिवार और लंबी दूरी की यात्रा करने वाले ग्राहकों के बीच लोकप्रिय हो रहा है. अगर आप नई हाइब्रिड एसयूवी खरीदने का विचार कर रहे हैं तो मारुति विक्टोरिस हाइब्रिड वीएक्सआई आपके लिए एक मजबूत विकल्प साबित हो सकती है. हालांकि अंतिम निर्णय लेने से पहले विभिन्न बैंकों की लोन योजनाओं और ब्याज दरों की तुलना करना फायदेमंद रहेगा.




## स्पोर्टी लुक संग आई नई अपाचे

**टीवीएस** मोटर कंपनी ने अपनी लोकप्रिय स्पोर्ट्स बाइक अपाचे आरटीआर 200 4वि का संस्करण भारतीय बाजार में लॉन्च कर दिया है. कंपनी के लिए यह लॉन्च खास मायने रखता है क्योंकि अपाचे ब्रांड ने भारतीय बाजार में अपने 20 वर्ष पूरे कर लिए हैं.

इस मौके को यादगार बनाने के लिए टीवीएस ने बाइक को नए अपडेट्स और आधुनिक फीचर्स के साथ पेश किया है. नई अपाचे आरटीआर 200 4वि को ओबीडी उत्सर्जन मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है, जिससे यह मौजूदा पर्यावरणीय नियमों का पालन करती है. इसके अलावा बाइक में नए आकर्षक ग्राफिक्स और कुछ कॉस्मेटिक बदलाव भी किए गए हैं, जो इसे पहले से अधिक स्पोर्टी और प्रीमियम बनाते हैं.



फीचर्स की बात करें तो बाइक में डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, राइडिंग मोड्स और स्मार्ट एक्सकनेक्ट तकनीक जैसे फीचर्स मिलने की उम्मीद है. ये सुविधाएं राइडर को बेहतर कनेक्टिविटी और आधुनिक राइडिंग अनुभव प्रदान करती हैं. बाइक में सुरक्षा के लिए डुअल चैनल एबीएस और बेहतर ब्रेकिंग सिस्टम भी दिया गया है.

## एमजी मजेस्टर जल्द देगी फॉर्च्यूनर को टक्कर

**एमजी** मोटर्स ने अपनी बहुप्रतीक्षित एसयूवी एमजी मजेस्टर के उत्पादन की शुरुआत कर दी है. कंपनी ने बताया है कि इस वाहन का निर्माण भारत स्थित उसके अत्याधुनिक प्लांट में किया जा रहा है. उत्पादन शुरू होने के साथ ही यह साफ हो गया है कि कंपनी अब इस एसयूवी को जल्द भारतीय बाजार में उतारने की तैयारी में जुटी है.

मजेस्टर को कंपनी की सबसे प्रीमियम और फीचर-लोडेड एसयूवी में से एक माना जा रहा है. इसमें बड़ा फ्रंट ग्रिल, आकर्षक एलईडी हेडलैंप, नई डिजाइन की डीआरएल, प्रीमियम अलॉय व्हील और आधुनिक स्टाइलिंग देखने को मिल सकती है. इसके इंटीरियर में भी लक्जरी और तकनीक का बेहतर मेल देखने को मिलने की उम्मीद है.

फीचर्स की बात करें तो इसमें बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, पैनोरमिक सनरूफ, वेंटिलेटेड सीट्स, 360 डिग्री कैमरा और एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम जैसे फीचर्स दिए जा सकते हैं. सुरक्षा के लिहाज से भी कंपनी इसमें कई आधुनिक फीचर्स शामिल कर सकती है. इंजन विकल्पों को लेकर माना जा रहा है कि इसमें 2.0 लीटर डीजल इंजन दिया जा सकता है, जो दमदार प्रदर्शन और बेहतर ड्राइविंग अनुभव देने में सक्षम होगा. इसके साथ ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन और तकनीक का विकल्प भी मिलने की संभावना है, जिससे यह ऑफ-रोडिंग पसंद करने वाले ग्राहकों को भी आकर्षित कर सकती है. बाजार में लॉन्च होने के बाद इस गाड़ी का मुकाबला टोयोटा फॉर्च्यूनर, स्कोडा कोडियाक, जीप मेरिडियन और अन्य प्रीमियम एसयूवी से हो सकता है.



कीमत की बात करें तो उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि इसे 40 लाख रुपये से अधिक की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत पर पेश किया जा सकता है. भारत में उत्पादन शुरू होने के बाद अब ग्राहकों की नजर इसके आधिकारिक लॉन्च पर टिकी हुई है. यदि कंपनी इसे प्रतिस्पर्धी कीमत और आधुनिक फीचर्स के साथ पेश करती है, तो यह प्रीमियम एसयूवी सेगमेंट में मजबूत उपस्थिति दर्ज करा सकती है.